# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन प्रमंडल, छपरा।

पत्रांक................./छपरा, दिनांक........................../

प्रेषक,

ई0मिथलेश कुमार,
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल छपरा।

सेवा में,

साई कंन्सट्रक्शन
शुभम कुंज, न्यू मिठापुर,
बस स्टैंड, पटना– 800001,
बिहार।

विषयः– सात निश्चय के तहत औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान छपरा के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी एवं कार्य में लापरवाही बरतने की स्थिति में **डिबार करने** के संबंध में।

प्रसंगः– **एकरारनामा संख्या SBD No 3/2020-21** सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल संख्या 01 छपरा के पत्रांक –77 दिनांक 08.03.2021, पत्रांक–114 दिनांक 17.04.2021, पत्रांक–277 दिनांक 15.02. 2022, पत्रांक–23 दिनांक 28.04.2022, पत्रांक–53 दिनांक 09.06. 2022 एवं अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक–1729 अनु0 दिनांक 16.12. 2022, पत्रांक–118 दिनांक 20.01.2023, एवं पत्रांक–221 अनु0 दिनांक 11.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 16.02.2023 को मुख्य अभियंता,(उत्तर) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना, अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल छपरा, अधोहस्ताक्षरी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता भवन प्रमंडल छपरा के द्वारा सात निश्चय के तहत औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान छपरा के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी आपको कार्य में तेजी लाने के साथ वर्क प्लान देने हेतु सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल संख्या 01 छपरा के पत्रांक–77 दिनांक 08.03.2021, पत्रांक–114 दिनांक 17.04.2021, पत्रांक–277 दिनांक 15.02.2022, पत्रांक–23 दिनांक 28.04.2022, पत्रांक 53 दिनांक 09.06.2022 एवं अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक –

1729 अनु0 दिनांक 16.12.2022, पत्रांक 118 दिनांक 20.01.2023, एवं अंतिम स्मार पत्र के रूप में पत्रांक 221 अनु0 दिनांक 11.02.2023 के द्वारा शपथ पत्र के साथ वर्क प्लान समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था, परंतु आपके द्वारा न ही कार्य की प्रगति में तेजी लायी गयी है और न तो आपके द्वारा शपथ पत्र के साथ वर्क प्लान दिया गया है।

अतः कार्यहित में आपके द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामानुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि समाप्त होने के बाद तक निर्माण कार्य की प्रगति धीमी रहने के कारण आपको कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से **डिबार किया जाता है** साथ ही यह भी निदेश दिया जाता है कि दो दिनों के **अंदर Timeline और Work Plan** प्रमंडलीय कार्यालय में उपलब्ध कराना एवं यथाशीघ्र विषयांकित निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

अनु0ः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 –

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल,छपरा।

ज्ञापांक ................../ छपरा दिनांक ................./

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना/ मुख्य अभियंता,(उत्तर) भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना/ अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0 –

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल छपरा।

ज्ञापांक 247/ छपरा दिनांक 17/02/23

प्रतिलिपिः आई0टी0मैनेजर, भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/02/23

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल छपरा।

17/02/23